# शाहजहांपुर पुलिस

## प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 05.06.2025

## "थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा नौ माह से फरार गृह चोरी का अभियुक्त अवैध तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार।"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध रोकधाम व गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्त के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पुवायाँ के नेतृत्व मे थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा दिनांक 04/05.06.2025 की रात्रि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बद्रीपुर हदीरा की तरफ जाने वाले खडण्डे पर ग्राम सुनारा खुर्द को जाने वाले रास्ते से शातिर चोर पवन उर्फ पन्ना पुत्र प्रेमपाल नि0 ग्राम सुनारा बुजुर्ग थाना पुवायां जनपद शाह0पुर उम्र करीब 19 वर्ष को एक अदद तमंचा 12 बोर व दो कारतूस 12 बोर तथा मु0अ0सं0 568/24 धारा 331(4)/305(A) BNS मे चोरी हुए माल को बेचने के बाद बचे 420 रूपये बरामद हुए जिसे उसके जुर्म धारा 9/25 A ACT व मु0अ0सं0 568/24 धारा 331(4)/305(A) BNS से अवगत कराते हुए समय 00.52 बजे दिनांक 05.06.25 को हिरासत पुलिस मे लिया गया। अभियुक्त को विधिक कार्यवाही के पश्चात मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।

### गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. पवन उर्फ पन्ना पुत्र प्रेमपाल नि0 ग्राम सुनारा बुजुर्ग थाना पुवायां जनपद शाह0पुर उम्र करीब 19 वर्ष

### पंजीकृत अभियोगः –

1. मु0अ0सं0 441/25 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर।

### अपराधिक इतिहास अभियोगः –

1. मु0अ0सं0 441/25 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर।
2. मु0अ0सं0 568/24 धारा 331(4)/305(A)/317(2) BNS थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर।
3. मु0अ0सं0 0783/2022 धारा 379, 411 भादवि थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर।

### बरामदगी का विवरण –

1.एक अदद तमंचा 12 बोर नाजायज
2.एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर
3.एक अदद मिस कारतूस 12 बोर
4. मु0अ0सं0 568/24 धारा 331(4)/305(A)/317(2) BNS से सम्बन्धित 420 रूपये

### पूछताछ विवरणः-

अभियुक्त पवन उर्फ पन्ना उपरोक्त ने अपने जुर्म की माफी मागंते हुए बताया कि मैने अब से करीब 09 महीने पूर्व अपने गाँव के आशाराम पुत्र परमईलाल के घर मे रात्रि के समय चोरी की  थी। चोरी मे झाले, खगुरिया व सूट चुराया था। जब जब मुझे रुपयो की जरुरत हुई तब तब मैने चलते फिरते व्यक्ति को झाले 6000 रुपये, खगुरिया 1500 रुपये मे बेच दिये व सूट बिक नही रहा था तो वह मैने एक मांगने वाली महिला को दे दिया। कुल 7500 रुपये मे खर्चा करने के बाद मेरे पास 420 रुपये बचे थे जोकि दरोगा जी ने मुझसे बीती रात बरामद कर लिये है। अभियुक्त से पूछा गया कि उसने चोरी किया हुआ सामान कहा बेचा है। तो अभियुक्त ने सोचकर बताया कि मैं मजदूरी करने के लिए नेपाल जाता रहता है। वही नेपाल मे चलते फिरते आदमी को अपनी मजबूरी बताकर बेच दिया था। अभियुक्त से पूछा गया कि नेपाल मे कितने

दिन तक रहा। मै निश्चित दिनो तक नही रहा मैं नेपाल मे आता जाता रहता था तथा तमंचा मैं अपनी सुरक्षा के लिए रखता हूँ जिसे आज पुलिस ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तारी/बरामदगी टीम का विवरण:-**

1. उ0नि0 श्री गौरव सोलंकी थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
2. हे0का0 401 सुनील कुमार, थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
3. का0 1753 चन्द्रवीर सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
4. का0 2121 अंकित कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर